एमसीयू में एआई प्रशिक्षण कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने साझा किए आधुनिक तकनीक के आयाम

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में आयोजित एआई फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम (एफडीपी) के नौवें दिन विशेषज्ञों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के बढ़ते उपयोग, संभावनाओं और चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

एआईएलजीओ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बालेंदु शर्मा दाधीच ने कहा कि एआई मशीनों को बड़े डेटा का विश्लेषण कर उसे उपयोगी ज्ञान में बदलने में सक्षम बनाती है। यह तकनीक विभिन्न क्षेत्रों में तेज और प्रभावी समाधान उपलब्ध करा रही है तथा भविष्य में इसकी भूमिका और बढ़ेगी।

दाधीच ने कहा कि एआई की अवधारणा नई नहीं है। प्राचीन सभ्यताओं में भी स्वचालित प्रणालियों की कल्पना की गई थी, जिसे आज आधुनिक तकनीक ने वास्तविक रूप दिया है। उन्होंने कहा कि सूचना क्रांति के दौर में एआई जीवन और कार्यप्रणाली का अभिन्न हिस्सा बन चुकी है।

दूसरे तकनीकी सत्र में वरिष्ठ पत्रकार एवं एआई प्रशिक्षक देविका छिब्बर ने कहा कि एआई और एजेंटिक एआई के कारण मीडिया संस्थानों के न्यूजरूम तेजी से बदल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई तकनीकों और एआई टूल्स की जानकारी आज के पत्रकारों के लिए आवश्यक हो गई है तथा भविष्य में एआई प्रशिक्षकों और तकनीकी विशेषज्ञों की मांग बढ़ेगी।

वरिष्ठ पत्रकार सुशील प्रताप सिंह ने कहा कि पत्रकारिता में एआई सहायक की भूमिका निभा सकती है, लेकिन इसे अंतिम सत्य नहीं माना जा सकता। उन्होंने आगाह किया कि बिना सत्यापन के एआई से प्राप्त जानकारी प्रकाशित करना जोखिमपूर्ण हो सकता है। उन्होंने बताया कि अनुवाद, डेटा विश्लेषण और कंटेंट तैयार करने जैसे कई कार्यों में एआई उपयोगी है, लेकिन इसके प्रभावी उपयोग के लिए प्रॉम्प्ट इंजीनियरिंग और तथ्य जांच की समझ जरूरी है। कार्यक्रम के समापन सत्र में विशेषज्ञ जनरेटिव एआई, कंटेंट क्रिएशन और एआई न्यूजरूम टूल्स पर प्रशिक्षण देंगे।

भोपाल मंडल के चार रेलवे स्टेशनों का आज उद्घाटन

नप्र, भोपालः अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पुनर्विकसित भोपाल मंडल के साँची, विदिशा, अशोकनगर और शिवपुरी रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन 17 जुलाई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से करेंगे। चारों स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं, स्थानीय संस्कृति पर आधारित वास्तुशिल्प और दिव्यांगजन अनुकूल अधोसंरचना के साथ विकसित किया गया है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार उद्घाटन समारोह दोपहर 2 बजे से संबंधित स्टेशनों पर आयोजित होगा, जिसमें सांसद, विधायक, जनप्रतिनिधि, रेलवे अधिकारी, विद्यार्थी और बड़ी संख्या में नागरिक शामिल होंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, लघु फिल्म प्रदर्शन और सम्मान समारोह भी आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद अपराह्न 3:40 बजे प्रधानमंत्री देशभर के 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का एक साथ लोकार्पण करेंगे। मध्यप्रदेश के 13 रेलवे स्टेशन अमृत भारत स्टेशन योजना में शामिल हैं, जिनमें पश्चिम मध्य रेलवे के छह और भोपाल मंडल के चार प्रमुख स्टेशन शामिल हैं। इन स्टेशनों का पुनर्विकास करोड़ों रुपए की लागत से किया गया है। पुनर्विकास के तहत स्टेशन भवनों को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। नए प्लेटफॉर्म शेड, बेहतर प्रतीक्षालय, स्वच्छ शौचालय, शुद्ध पेयजल, डिजिटल यात्री सूचना प्रणाली, कोच पोजिशन डिस्प्ले, सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली, बेहतर पार्किंग और ऊर्जा दक्ष एलईडी प्रकाश व्यवस्था जैसी सुविधाएं विकसित की गई हैं। साथ ही रैंप और टैक्टाइल पाथ सहित दिव्यांगजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं भी की गई हैं।

'कौशल चर्चा 2026' में एआई और रोजगारोन्मुखी कौशल पर मंथन

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी (एसजीएसयू) और आईसेक्ट इंडिया द्वारा आयोजित 'कौशल चर्चा 2026' का सातवां संस्करण उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। 13 से 16 जुलाई तक आयोजित इस कौशल महोत्सव में विद्यार्थियों, उद्योग विशेषज्ञों, प्रशिक्षकों और स्किल चैंपियंस ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, खेल, नवाचार और रोजगारोन्मुखी शिक्षा जैसे विषयों पर विचार साझा किए।

कार्यक्रम का आयोजन इस वर्ष की थीम 'स्किल्स फॉर अ शेयर्ड फ्यूचर' के अनुरूप किया गया। उद्घाटन सत्र में कुलाधिपति डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि आज केवल डिग्री पर्याप्त नहीं है, बल्कि उद्योग अनुभव, कौशल, वैश्विक प्रमाणन और निरंतर सीखने की क्षमता ही युवाओं की सबसे बड़ी ताकत है।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर नीलेश कुलकर्णी ने खेल क्षेत्र में उभरते करियर अवसरों की जानकारी दी। कार्यक्रम में वर्ल्ड स्किल्स प्रतियोगिताओं के विजेताओं ने भी अपने अनुभव साझा किए। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमिता निदेशालय के क्षेत्रीय निदेशक अभय अरुण महिषी ने युवाओं से बदलती तकनीकों के अनुरूप लगातार अपस्किलिंग और रीस्किलिंग पर ध्यान देने का आह्वान किया। इस अवसर पर 70 से अधिक स्किल चैंपियंस, प्रशिक्षकों और काउंसलर्स को सम्मानित किया गया तथा 'कौशल मंत्र' न्यूज़लेटर का लोकार्पण भी हुआ।

जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने पर जोर, मंत्री सिलावट ने दिए कार्रवाई के निर्देश

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद के सदस्य डॉ. ए.के. द्विवेदी के जल संरक्षण संबंधी सुझावों की सराहना करते हुए अधिकारियों को शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए। डॉ. द्विवेदी ने प्रदेश के सभी स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रतिवर्ष 'जल ही जीवन है' विषय पर जन-जागरूकता अभियान चलाने का प्रस्ताव सौंपा। उन्होंने शिक्षण संस्थानों को 'वॉटर कंजर्वेशन कैंपस' के रूप में विकसित करने, वर्षा जल संचयन, भू-जल संवर्धन, जल संरक्षण की शपथ तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं और रैलियों के माध्यम से जनभागीदारी बढ़ाने का सुझाव दिया। मंत्री ने प्रस्ताव को सकारात्मक पहल बताते हुए प्रमुख सचिव को आवश्यक अनुशंसा भेजने के निर्देश दिए।

एम्स में 'स्किन रीबूट लाइव 2026' कार्यशाला आयोजित

नप्र, भोपालः विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर एम्स भोपाल के बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग ने 'स्किन रीबूट लाइव 2026' नामक एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की।

कार्यशाला का उद्देश्य आधुनिक सौंदर्य चिकित्सा और पुनर्निर्माण शल्य चिकित्सा के क्षेत्र में चिकित्सकों को नई तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण देना तथा सुरक्षित और वैज्ञानिक उपचार पद्धतियों को बढ़ावा देना था। कार्यशाला में बोटॉक्स, थ्रेड्स तथा त्वचा और बालों से जुड़ी आधुनिक उपचार तकनीकों पर विशेषज्ञों ने व्याख्यान दिए। प्रतिभागियों को प्रत्यक्ष प्रक्रिया प्रदर्शन, वैज्ञानिक चर्चा, रोगियों के उदाहरणों पर आधारित सत्र और विशेषज्ञों की देखरेख में व्यावहारिक प्रशिक्षण का अवसर मिला। इसमें देशभर से प्लास्टिक सर्जन, त्वचा रोग विशेषज्ञ और स्नातकोत्तर प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लिया।

कार्यालय तहसीलदार संतहिरदाराम नगर वृत्त जिला भोपाल

क्रमांक// तह. /स. हि.(बैरा)/26 भोपाल दिनांक 14/07/2026
रा.प्र. क्र. 2/अ-20 (3)/23-24
प्रमुख सचिव महोदय
पर्यटन विभाग भोपाल.....**आवेदक**.....**विरूद्ध**.....सर्वसाधारण.....**अनावेदक**

सार्वजनिक उद्घोषणा

एतद् सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक पर्यटन विभाग, पता लिली ट्रेड विंग जहांगीराबाद भोपाल द्वारा पर्यटन गतिविधियों के संचालन (हेरिटेज होटल के रूप में विकसित किये जाने हेतु अतिरिक्त भूमि) हेतु बेनजीर पैलेस/कॉलेज भवन भोपाल के ग्राम शहर भोपाल स्थित भूमि खसरा क्रमांक 77 एवं 78 कुल रकबा 1.988 हे. मे से 0.694 हे. एवं 0.490 हे. कुल रकबा 1.184 हे. भूमि का आवंटन चाहा गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्त कार्यवाही किये जाने में किसी व्यक्ति या संस्था को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति स्वंय अथवा मान्यता प्राप्त अभिकर्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। अवधि समाप्त के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 14/07/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी हो।

तहसीलदार
जी-15712/26 **नजूल संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) वृत्त भोपाल**

पश्चिम मध्य रेल

विद्युत विभाग (कर्षण–वितरण शाखा) जबलपुर,
ई–निविदा सूचना, एन.आई.टी नं. जबल–टीआरडी–निविदा–2026–08, दिनांकः10.07.2026
वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर/कर्षण–वितरण/पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य करने के लिए अनुभवी ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं। ठेकेदारों के पास राज्य सरकार द्वारा जारी विद्युतीय लायसेन्स (फर्म के नाम से या फर्म के किसी पार्टनर के नाम से या स्वयं के नाम में यदि सोल प्रोपराइटर हों) आई.ई. नियम 1956 के अनुसार होना चाहिए । **कार्य का नाम :** जबलपुर डिवीजन के बीना–कटनी सेक्शन के बीच ऑटो–ट्रांसफॉर्मर को अलग करने की व्यवस्था (फेज–2), **कार्य स्थल :** जबलपुर मण्डल, **कार्य की अवधिः** 12 माह, **कार्य की कीमत (टेंडर वेल्यू):** रुपये 8,93,32,220.30/– (रुपये आठ करोड़ तिरानवे लाख बत्तीस हजार दो सौ बीस एवं तीस पैसे मात्र), **बयाना राशिः** रूपये–17,86,700.00/–, **निविदा जमा करने /खुलने की अंतिम तिथि एवं समय :** 03.08.2026, 15:00 बजे/03.08.2026, 15:30 बजे, **निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेल्वे बेब साईटः** https/www.ireps.gov.in निविदाकर्ता अपनी निविदाएं आई आर ई पी एस की माध्यम से https://www.ireps.gov.in पर ऑन लाइन निविदा करें। निविदाकताओं से अनुरोध है कि वे समय समय पर बदलाव व शुद्धि पत्रों हेतु IREPS की व्यवसाइट https://www.ireps.gov.in देखते रहें न्यूनतम पात्रता मान दण्ड टेण्डर फार्म के अनुसार और ज्वांइन्ट वेन्चर व साझेदारी इस निविदा के लिए लागू होगा। **(हस्ता.)**
वरि.मं.वि.इंजी./क.वि., पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

आम सूचना

यह कि मकान क्रमांक 297, भावर नगर, वार्ड क्रमांक 73, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.), क्षेत्रफल 450 वर्गफुट, जिसकी सीमाएं निम्नानुसार हैं–पूर्व राधा जी की संपत्ति; पश्चिम–कॉलोनी रोड; उत्तर–सुनील बाई की संपत्ति; दक्षिण राजकुमार की संपत्ति
उक्त संपत्ति श्री अमन लोधी, पिता श्री नारायण सिंह द्वारा श्रीमती मुन्नी बाई, पत्नी श्री नारायण सिंह से पंजीकृत दान विलेख (Gift Deed), ई–पंजीयन क्रमांक MP43IGR16022026A100752412, दिनांक 19.06.2026 के माध्यम से विधिवत अर्जित की गई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संपत्ति को बंधक (Mortgage) रखकर श्री अमन लोधी द्वारा CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED से ऋण प्राप्त किया जा रहा है। यदि किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, वित्तीय संस्थान अथवा किसी शासकीय/अशासकीय विभाग का उक्त संपत्ति के संबंध में कोई अधिकार, हित, दावा, आपत्ति अथवा प्रभार (Charge/Lien) हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 07 (सात) दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में अपने दावे/आपत्ति के समर्थन में समस्त प्रासंगिक दस्तावेजों सहित लिखित रूप में प्रस्तुत करे। निर्धारित अवधि के भीतर कोई लिखित दावा अथवा आपत्ति प्राप्त न होने की स्थिति में यह मान लिया जाएगा कि उक्त संपत्ति पर किसी अन्य व्यक्ति, संस्था अथवा विभाग का कोई अधिकार, दावा, हित, प्रभार या आपत्ति शेष नहीं है तथा उक्त संपत्ति पर CHOLAMANDALAM INVESTMENT AND FINANCE COMPANY LIMITED का प्रथम बंधक अधिकार (First Charge) स्थापित किया जाएगा। तत्पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा।

वैभव राजन सक्सेना अधिवक्ता
Offce: No. 82, Rachna Nagar, Near Rachna Tower Bhopal Mob. 9424424777

जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संचित लिटौरिया आत्मज श्री रविंद लिटौरिया, वयस्क, निवासी वार्ड नंबर 04, सरफयाना मोहल्ला, तालबेहट, ललितपुर (उ.प्र.) द्वारा (1) श्री अजय झिरवार आत्मज स्व. श्री रतन लाल झिरवार, वयस्क, निवासी 548, बागसेवनिया, अमराई, तहसील हुजूर, जिला–भोपाल द्वारा मुख्तारआम व स्वयं (2) श्रीमती लता लोधी पुत्री स्व. श्री रतन लाल झिरवार पत्नी श्री आशाराम लोधी, वयस्क, निवासी वार्ड नंबर 85, समरधा कलियासोत, हुजूर, भोपाल से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की सम्पत्ति एक प्लाट नंबर 01, जिसका कुल क्षेत्रफल 1615.00 वर्गफिट है तथा जो भूमि खसरा नंबर 154, 165 का भाग है तथा जो अवधपुरी कॉलोनी फेस–2, ग्राम खजूरीकलां, तहसील– हुजूर, जिला–भोपाल में स्थित है, (जो कि श्री अजय झिरवार आत्मज स्व. श्री रतन लाल झिरवार एवं (2) श्रीमती लता लोधी पुत्री स्व. श्री रतन लाल झिरवार पत्नी श्री आशाराम लोधी को श्री रतन लाल झिरवार आत्मज श्री केवल राम की मृत्यु उपरांत विरासत में प्राप्त हुआ है तथा जिसका नामांतरण भी उनके नाम पर राजस्व रिकार्ड में प्रकरण क्रमांक 1590/अ–6/2025–2026, दिनांक 10.12. 2025 को हो गया है), को क्रय करने हेतु मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, भोपाल के समक्ष ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन किया है। यदि उक्त क्रय–विक्रय में किसी बैंक, वित्तीय संस्थान, व्यक्ति, संस्था, शासकीय, अशासकीय विभाग, नजूल आदि का कोई लेना–देना हो या उक्त सम्पत्ति किसी के पक्ष में बंधक, दान, गिरवी, अनुबंधित हो या स्व. श्री रतन लाल झिरवार आत्मज श्री केवल राम के अन्य किसी वैधानिक उत्तराधिकारी एवं वारिस को या अन्य किसी को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन से 07 दिन के अंदर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत करें। उपरवर्णित समयावधि में कोई आपत्ति न आने पर मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, भोपाल यह मानते हुए कि उक्त क्रय–विक्रय में किसी को कोई भी आपत्ति नहीं है, उक्त सम्पत्ति को क्रय करने हेतु श्री संचित लिटौरिया आत्मज श्री रविंद्र लिटौरिया को ऋण प्रदान कर देगी तथा भविष्य में मेरी पक्षकार वित्तीय संस्था पीएनबी हाऊसिंग फाईनेंस लिमिटेड, भोपाल की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

भवदीय **राजीव चिमोटे** अधिवक्ता
कार्या.-प्लैट नंबर टी-7. प्लाट नंबर 29-ए, तृतीय तल, राजा परिसर, जोन-II, एम.पी. नगर, भोपाल
फोनः 07554503607, 09827232096

जाहिर सूचना

मैं, मेरी पक्षकारा श्रीमति निधि साहू पत्नी श्री पवन साहू, आयु वयस्क, निवासी सिमपुर बड़ा, नरसिंहपुर मध्यप्रदेश हाल-मुकाम भोपाल (म.प्र.) के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करती हूँ कि श्री हरवेंद्र सिंह कौरव आत्मज श्री बीरबल सिंह कौरव, आयु वयस्क, निवासी फ्लेट नम्बर-103, आकृति गार्डन, नेहरू नगर, करुणा धाम के पास, टी.टी. नगर, तहसील हुजूर भोपाल (म.प्र.) द्वारा धारित, आधिपत्य एवं स्वामित्व का एक किता आवासीय भूखण्ड क्रमांक-108-ए अर्थात मूल भूखण्ड क्रमांक 108 का उत्तरी भाग जिसकी नाप 15×50 कुल क्षेत्रफल 750 वर्गफिट अर्थात 69.70 वर्गमीटर पर अर्धनिर्मित भवन जो मूल भूखण्ड क्रमांक 108, सेक्टर-डी, जिसकी नाप 30×50 कुल क्षेत्रफल 1500 वर्गफिट अर्थात 139.40 वर्गमीटर है, जो खसरा नं. 68/1/1/2-ख, 73/1/1, 73/1/2 डी (नया खसरा क्रमांक 377) का अंश होकर राजवेद गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित भोपाल ग्राम नयापुरा, तहसील कोलार, पटवारी हल्का नं. 38, जिला भोपाल में स्थित है। उक्त भूखण्ड क्रमांक 108-ए के भूतल का क्षेत्रफल 700 वर्गफिट एवं प्रथम तल पर 600 वर्गफिट आवासीय संपत्ति के रूप में निर्मित है उक्त विक्रय की जा रही संपत्ति नगर निगम की सीमाओं के अंतर्गत वर्तमान वार्ड क्र. 83 में मुख्यमार्ग से अन्दर स्थित है जिसकी चतुर्थ सीमा पूरब में भूखण्ड क्र-109, पश्चिम में रोड, उत्तर में भूखण्ड क्र-107, दक्षिण में भूखण्ड क्र-108-बी अर्थात मूल भूखण्ड क्र-108 का दक्षिण भाग, जिसे क्रय करने हेतु मेरी पक्षकारा ने बयाना राशि अदा कर अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है एवं 7 दिवस में संपूर्ण राशि का भुगतान कर मेरी पक्षकारा रजिस्टर विक्रय विलेख पत्र करवा लिया जाएगा तत्पश्चात नामांतरण अपने पक्ष में करवाने को स्वतंत्र होंगे। यदि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, वारिस, उत्तराधिकारी, अर्द्धशासकीय निकाय का अनुबन्ध, बैंक, निजी संस्था, स्वत्व आधिपत्य हित, दस्तावेजों के साथ इस सूचना पत्र प्रकाशन के 07 दिवस की समयावधि के अन्दर मय दस्तावेज सहित मेरे कार्यलय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरी पक्षकारा उक्त वर्णित संपत्ति को रजिस्टर्ड विक्रय विलेख कर अपने नाम से रजिस्ट्री करा लेवेगा, इसके बाद कोई आपत्ति स्वीकार/मान्य नहीं होगी।

Kishor Singh Sahu, Advocate
Office/Resi.H.No. MIG Delux, B-291, Katara Hills, Bhopal (M.P.)
M: 9893204171, 9993954966

सूडोकु नवताल- 7843

★★★★☆ मध्यम

9		6		3		4		8
	2				9		7	
4			1	6				2
		8			2		3	
1		4				2		5
	3		5			8		
7				9	5			3
	8		6				4	
6		2		7		5		1

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7842 का हल

3	6	5	1	8	2	7	4	9
7	9	2	3	5	4	1	8	6
4	1	8	6	7	9	5	3	2
6	5	9	2	4	8	3	7	1
8	4	7	9	3	1	6	2	5
1	2	3	5	6	7	4	9	8
2	7	6	4	9	5	8	1	3
5	8	1	7	2	3	9	6	4
9	3	4	8	1	6	2	5	7

काकुरो पहेली - 7516



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः



काकुरो - 7515 का हल



Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्द पहेली - 8913



बाएँ से दाएँ
1. ईश्वरीय कृपा-4
4. कुंए पर पानी भरने का चबूतरा-4
6. दुर्बल का विलोम-3
8. सुनसान, नीरव-3
9. प्रेम प्रतिद्वंदी (उर्दू-3)
11. घोषवाक्य-2
13. चित्रपट, मायानगरी-3,2
15. सूर्य, भास्कर-2
16. उपनदी, कैनाल-3
18. व्यंग, परिहास-3
19. कौर, ग्रास-3
20. दफन करना-4
22. भूल, असावधानी-4

ऊपर से नीचे
1. अगुवा, रास्ता दिखाने वाला-4
2. सरुर, नशा, गरुर-2
3. चिंतन, विचारना-3
4. परजन भावना, गैरपन-5
5. भिड़ना, मुठभेड़-4
7. रेखा, लाईन-3
10. झाग बनना-5
12. सीमा, हद, बॉर्डर-4
14. शाखा, डाली-3
17. रिवाज, परंपरा-4
18. पाबंदी, रोक-3
21. स्वच्छ-2

शब्द पहेली -8912 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore

फिल्म वर्ग पहेली- 7355



बायें से दायें:-

१. 'किसी नजर को तेरा' गीत वाली राज बब्बर, सुरेश, डिम्पल की फिल्म-४
३. बॉबी, लारा, गुल पनाग की 'मैं यहां तू कहां' गीत वाली फिल्म-२
५. जैकी श्राफ, अनिलकपूर, श्रीदेवी की 'ना जइयो परदेस' गीत वाली फिल्म-२
६. सनी, मीनाक्षी, ममता की फिल्म-३
८. जतिन ग्रेवाल, यश पाठक, नेहा की 'छेड़ ना मुझ को' गीत वाली फिल्म-३
९. फिल्म 'आखिरी डाकू' में नायिका-२,२
११. 'बेदर्दी तेरे प्यार ने' गीत वाली फिल्म-२
१२. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
१३. शशिकपूर, शबाना आजमी की 'तोता मैना की कहानी तो' गीतवाली फिल्म-३
१४. फिल्म 'बारिश' में नायिका कौन थी-२
१५. सलमान, नगमा की 'कैसा लगता है अच्छा लगता है' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तू कितने बरस की' गीत वाली ऋषिकपूर, टीना मुनीम की फिल्म-२
१७. फिल्म 'निगाहें' में नायक कौन था-२
१९. 'नचना तेरे नाल' गीत वाली फिल्म-२
२१. धारावाहिक 'एहसास' में 'तराना' द्वारा निभाया गया बड़ी बहू का पात्र-३
२२. 'पुलिस केस ना' गीत वाली जिमी शेरगिल, इरफान, ऋषिता की फिल्म-३
२४. अमिताभ, वहीदा, जीनत, की 'हर गोरी रानी यहाँ' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'पराई हूँ पराई' गीत वाली शशिकपूर, आशा की फिल्म-४
२८. संजयदत्त, पूनम की 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'बाबूल का ये घर बहना' गीत वाली मिथुन, पद्मिनी की फिल्म-२
३०. राजबब्बर, रेखा की 'राधारानी ना जइयो जमुना' गीत वाली फिल्म-३
३१. सलमान, स्नेहा की एक फिल्म-२
३२. फारूख शेख, पूनम की 'चोरी चोरी कोई आये' गीत वाली फिल्म-२

ऊपर से नीचे:-

१. अक्षयकुमार, करीना, प्रियंका की 'नजर आ रहा है' गीत वाली फिल्म-४
२. 'आँखों के रस्ते दिल में' गीत वाली बॉबी देओल, रानी मुखर्जी की फिल्म-३
३. 'मिर्ची ये मिर्ची' गीत वाली फिल्म-३
४. 'दुल्हन बनती हैं नसीबों वालियां' गीत वाली रणधीर कपूर, बबीता की फिल्म-२
५. अनिलकपूर, अक्षयकुमार वाली फिल्म 'बेवफा' की नायिका कौन है-३
६. 'डोन्ट से नो' गीत वाली सनी देओल, मीनाक्षी शेशाद्रि की फिल्म-३
७. 'जैसी करनी वैसी भरनी' गीत वाली राजकुमार, रेखा, मौसमी चटर्जी की फिल्म-४
१०. गोविंदा, करिश्मा की 'अआ ई उ ऊ ओ मेरा दिल ना तोड़ो' गीत वाली फिल्म-२,२
११. 'बचके मेरी जान बचके' गीत वाली मिथुन, शत्रुघ्न, अनिता राज, हेमा की फिल्म-४
१३. 'बार बार दिन ये आये' गीत वाली फिल्म-२
१६. 'तिनका तिनका जरा जरा' गीत वाली जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-३
१८. राजकुमार, मनोजकुमार, वहीदा की 'खाली डब्बा खाली बोतल' गीत वाली फिल्म-५
२०. 'टपका रे टपका' गीत वाली संजयदत्त, माधुरी दीक्षित की फिल्म-२
२३. 'ये लड़की जरा सी दीवानी' गीत वाली कुमार गौरव, विजेयता पंडित की फिल्म-२,२
२५. नसीरूद्दीनशाह, रंजीता, स्मिता पाटिल की 'तू क्या जाने तुझमें' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'दिल के टुकड़े टुकड़े कर के' गीत वाली अमजद खान, बिंदियागोस्वामी की फिल्म-२

फिल्म वर्ग पहेली - 7354

Jagrutidaur.com, Bangalore

अष्टयोग- 7449

4	2		3	5	1	
2	32	4	39	7	34	4
	1		4		5	2
	30	3	38	6	31	
1	2		6		7	
3	27	2	25	1	31	
	6	1	4		3	5

प्रस्तुत खेल सुडोकू व जोड़ की पद्धति का मिश्रण है. खड़ी व आड़ी पंक्तियों में 1से 7 तक के अंक लिखने अनिवार्य हैं. गहरे काले वर्ग में लिखी संख्या चारों ओर के 8 वर्गों की संख्या का कुल योग होगी. सीधी अथवा आड़ी पंक्तियों में 1 से 7 तक के अंक होना अनिवार्य है.

अष्टयोग 7448 का हल

7	6	1	4	2	3	5
2	28	4	33	7	35	4
1	2	5	6	4	7	3
5	28	3	38	6	34	1
4	2	6	3	5	1	7
3	31	2	31	1	30	6
6	1	7	4	3	5	2

Jagrutidaur.com, Bangalore

शब्दजाल - 8469

अ	क	मु	ग	ल	ए	अ	ला	तु	र	ट्य
द	ह	ल	प्रे	व	बु	स	द	ह	कां	ड़
र	स	म	म	दी	छ	ल	आ	र्म	ख	क
इं	स	ल	द	दि	वा	स	ढा	ल	श	क
डि	आ	दो	ग	न	ज	ना	प	णा	झ	ड़
य	ना	द	र	दि	ग	उ	र	ण	दे	क
ती	व	ग	मी	या	प	र	भ	नां	व	को
सां	एं	ऊ	पु	द	ब	क	णी	ए	श	ल्हा
क	ग	ल	प	र	गी	स	री	औ	प	पु
क	ग	ली	प	लि	जी	त	ऐ	ओ	प	र
क	अ	म	रा	व	ती	स	व	र्धा	प	म

शब्द जाल में महाराष्ट्र के 10 जिलों के नाम ढूंढिए. नाम उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.

अहमदनगर, अमरावती, नागपुर, वर्धा, बुलढाणा, लातुर, नांदेड़, कोल्हापुर, सांगली, परभणी

शब्दजाल - 8468 का हल

Jagrutidaur.com, Bangalore